<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–16 अप्रैल 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- सर्वोच्च न्यायालय ने बाल तस्करी से जुड़े अपराधों की रोकथाम और त्वरित सुनवाई के लिए दिये कड़े दिशा निर्देश, कहा–छह महीने में सुनवाई पूरी करें निचली अदालतें।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा जिले में तीसवें भीम नगरी समारोह में लिया हिस्सा, कहा– एक भारत श्रेष्ठ भारत के शिल्पी के तौर पर डॉ आम्बेडकर की प्रेरणा से प्रेरित होकर कार्य कर रही है डबल इंजन सरकार।
- लखनऊ के लोक बंधु अस्पताल में आग लगने के कारणों की उच्च स्तरीय कमेटी करेगी जांच। अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं हुईं बहाल।
- प्रदेश सरकार ने सोलह आईएएस अधिकारियों का किया स्थानांतरण, कई जिलों के जिलाधिकारी बदले गये।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने देश में बाल तस्करी से जुड़े अपराधों की रोकथाम और त्वरित सुनवाई के लिए कड़े दिशा–निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने कल प्रदेश के बाल तस्करी मामले में आरोपियों द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश जारी किए।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने देश के उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि वे निचली अदालतों को निर्देश दें कि बाल तस्करी के मामलों की सुनवाई छह महीने में पूरी की जाए। न्याय में देरी को रोकने के लिए ऐसे मामलों की सुनवाई प्रतिदिन की जाए। न्यायालय ने बाल तस्करी के मामलों से निपटने के प्रदेश सरकार के तरीके और बाल तस्करी के आरोपियों को जमानत देने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय की आलोचना की। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि निर्देशों को लागू करने में किसी भी तरह की ढिलाई को गंभीरता से लिया जाएगा और इसे अदालत की अवमानना माना जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि अगर अस्पताल से कोई नवजात बच्चा चोरी होता है तो सबसे पहले संबंधित अस्पताल का लाइसेंस रद्द किया जाना चाहिए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल आगरा जिले में तीसवें भीम नगरी समारोह में शामिल हुए और डॉ. भीमराव आंबेडकर शोभा यात्रा का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि बोधिसत्व भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर हम सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। वह युग प्रवर्तक हैं। भारत के संविधान के शिल्पी होने के साथ–साथ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के शिल्पी के रूप में उन्होंने जो प्रेरणा दीं, उनसे प्रेरित होकर के डबल इंजन सरकार कार्य कर रही है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल हरदोई जिले में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा नरपति सिंह की स्मृति में आयोजित विजयोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने छह सौ पचास करोड़ रुपए की सात सौ उन्तीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में भारत ने दुनिया पर एक महाशक्ति के रूप में अपनी छाप छोड़ी है।

**आज बदलते हुए भारत को हम सबने देखा है। एक नया भारत प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज हम सबको दिखाई देता है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन हो रहे हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत इसलिए क्योंकि पिछले दस वर्ष में भारत दुनिया की एक महाशक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। आपने देखा होगा भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अगले दो वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।**

मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, चेक तथा अन्य सामग्री वितरित किया। उन्होंने हरदोई के विकास के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में भी चर्चा की।

**********

**पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क यहीं बनने जा रहा है। पीएम मित्र टेक्सटाइस पार्क का मतलब लाखों नौजवानों के लिए नौकरी और रोजगार की सुविधा आप ही के जनपद में प्राप्त होगी। जब टेक्सटाइल पार्क बनेगा तो इनके हुनर को भी काम मिलेगा। और साथ साथ यहां के नौजवानों को, जो लोग अब तक कार्य के लिए पंजाब जाते हैं, सूरत जाते हैं उन्हें वहां नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि अन्य देश भर के लोगों को रोजगार के लिए आपके हरदोई में आना पड़ेगा।**

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि महाराजा नरपति सिंह की पावन धरा के तालाब को सरकार पक्षी विहार के रूप में विकसित करेगी।

**********

प्रदेश सरकार ने लखनऊ के लोक बंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में आग लगने की घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि अस्पताल के कर्मचारियों और आपातकालीन सेवाओं की त्वरित प्रतिक्रिया से बड़ी घटना टल गई।

**घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है और जैसे ही रिपोर्ट आएगी तो उसके बाद हम उसको सार्वजनिक करेंगे। डेढ़ माह पूर्व भी मार्क ड्रिल किया गया था और सेफ्टी आइडेंटि फायर कराया गया था, उसकी वजह से सारे स्टाफ ट्रेन्ड था, जिससे कोई बड़ी घटना होने से बच गई।**

इससे पहले कल सुबह से ही अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं बहाल कर दी गईं। सोमवार की शाम लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल की दूसरी मंज़िल पर आग लग गई थी। इस दौरान गंभीर रूप से बीमार मरीजों के साथ ही करीब दो सौ से अधिक मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालकर दूसरे अस्पतालों में भर्ती करा दिया गया था।

**********

प्रदेश सरकार ने अयोध्या, चंदौली, अमेठी, बदायूं, इटावा और कन्नौज के जिलाधिकारी समेत 16 आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया हैं। अयोध्या के डीएम चंद्र विजय सिंह अब विशेष सचिव अवस्थापना औद्योगिक विकास बनाए गए हैं। चंदौली के डीएम रहे निखिल टीकाराम फुण्डे अयोध्या के नए डीएम होंगे। प्रयागराज के नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग को चंदौली डीएम और जौनपुर के सीडीओ सीलम साईं तेजा को प्रयागराज का नगर आयुक्त बनाया गया है। गोरखपुर की संयुक्त मजिस्ट्रेट मृणाली अविनाश जोशी को सीडीओ जौनपुर और अमेठी की डीएम निशा को राष्ट्रीय आयुष मिशन की निदेशक बनाया गया है। सहारनपुर के नगर आयुक्त संजय चौहान को डीएम अमेठी, उच्च शिक्षा विभाग के उच्च सचिव शिपु गिरी को सहारनपुर नगर आयुक्त और राष्ट्रीय आयुष मिशन के निदेशक महेंद्र वर्मा को रेरा सचिव के पद पर तैनाती दी गई है। इटावा के डीएम अवनीश राय को डीएम बदायूं, कन्नौज के डीएम शुभ्रांत शुक्ल को डीएम इटावा, विशेष सचिव मुख्यमंत्री आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को डीएम कन्नौज और बदायूं की डीएम निधि श्रीवास्तव को विशेष सचिव उच्च शिक्षा बनाया गया है। सीडीओ मुजफ्फरनगर संदीप भागिया को अपर आयुक्त राज्य कर गौतमबुद्धनगर, कमल किशोर को सीडीओ मुजफ्फरनगर और राजकुमार को ऊर्जा विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है।

**********

प्रदेश में सहायक आचार्य पद की लिखित परीक्षा आज और कल दो पालियों में आगरा, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी के बावन परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा को निष्पक्ष और नकलविहीन बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए हैं। परीक्षा में कुल बयासी हजार आठ सौ छिहत्तर अभ्यर्थी शामिल होंगे।

**********

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थापित संत तुलसीदास की प्रतिमा का कल पूजन के साथ लोकार्पण किया गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि श्रीरामलला के दर्शन के लिए आने वाले सभी भक्त संत तुलसीदास की प्रतिमा के दर्शन भी कर सकेंगे।

**राम जन्म भूमि मंदिर का परिसर अपनी पूर्णता की ओर जा रहा है। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जन्म जयंती के पवित्र दिन हमने मुख्य मंदिर के शिखर पर कलश की स्थापना कर दी। ये पूर्णता का ध्यान दिलाता है। अब मंदिर पर ध्वज दंड स्थापित होगा। यात्री सुविधा केंद्र का पूर्वी दिशा प्रवेश द्वार के प्रांगण में संत तुलसीदास जी की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया ।**

ट्रस्ट के अनुसार आगामी तीस अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन श्रीराम दरबार की स्थापना की जाएगी और जून में सभी विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

**********

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के वेव्स शिखर सम्मेलन के तहत आयोजित कम्यूनिटी रेडियो कंटेंट चैलेंज प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में आगरा के डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्विद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशन आगरा की आवाज ने जगह बना ली है। विश्वविद्यालय की जनसम्पर्क अधिकारी पूजा सक्सेना ने यह जानकारी दी।

**********